// प्रेस विज्ञप्ति //

दिनांक 13 अगस्त, 2022

पुनर्वास विश्वविद्यालय में 75वें "आजादी का अमृत महोत्सव" के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के नेतृत्व में (12-15 अगस्त तक) दूसरे दिन प्रभात फेरी का आयोजन ।

डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय 75वें "आजादी का अमृत महोत्सव" के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के नेतृत्व में (12-15 अगस्त तक) के अनुपालन में आज दिनाक 13 अगस्त, 2022 को प्रातः 07 बजे प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। समन्वयक, कार्यक्रम अधिकारी, एवं कार्यालय , राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में पुरुष छात्रावास से विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर से होकर वापस पुरुष छात्रावास तक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया, जिसमें माननीय कुलपति प्रो. राणा कृष्ण पाल सिंह जी द्वारा भी प्रतिभाग करते हुए प्रभात फेरी में सम्मिलित विद्यार्थियों / स्वयं सेवकों को अपने उद्बोधन में " सब का साथ सब का विकास, देश हित सर्वोपरि" का नारा देते हुए प्रोत्साहित करते हुए प्रभात फेरी का आवासीय परिसर में नेतृत्व किया।

// प्रेस विज्ञप्ति //

दिनांक 13 अगस्त, 2022

पुनर्वास विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता संघर्ष, विभाजन की त्रासदी, एक भारत श्रेष्ठ भारत : निबन्ध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन |

डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में प्रशासनिक भवन के प्रथम तल कांफ्रेस हाल में आज अपरान्ह 12 बजे स्वतंत्रता संघर्ष, विभाजन की त्रासदी, एक भारत श्रेष्ठ भारत : (निबन्ध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता) का आयोजन किया गया | उक्त कार्यक्रम के आयोजक खेलकूद एवं योग प्रकोष्ठ, निदेशक प्रो. नागेन्द्र यादव ने बताया कि स्वतंत्रता के पूर्व एवं पश्चात् कार्यक्रम के निबन्ध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया | विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण 15 अगस्त को माननीय कुलपति द्वारा किया जाएगा | मंचासीन निर्णायक मंडल में डा. यशवंत विरोदय, डा. ममता यादव, डा. अनामिका चौधरी, डा. कौशिकी सिंह, डा. स्वाति ठाकुर, डा. अमिता शुक्ला, एवं प्रज्ञा श्रीवास्तव उपस्थित रहे |क्रीड़ा एवं योग प्रकोष्ठ से डा. कौशल शर्मा, डा. देवेश कटियार, श्री आशीष गुप्ता, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे | कार्यक्रम का सफल संचालन डा. अंजलि सिंह द्वारा किया गया |